अभ्यास पत्र हिंदी कक्षा - आठवीं

प्रश्न-1 वाक्यों में आए क्रियाविशेषण शब्दों को छाँटकर उनके भेदों के नाम भी लिखिए -

1- दादा जी प्रातःकाल सैर के लिए जाते हैं।

2- चाय में चीनी ज्यादा है।

3- अचानक बिजली चली गई।

4- मेरा स्कूल उस तरफ़ है।

5- दूध सबके लिए पर्याप्त होगा।

प्रश्न-2 निम्नलिखित संबंधबोधक शब्दों में से उचित शब्द छाँटकर वाक्य पूरे करो।

के आसपास, के मारे, के संग, पहले, के पहले

1- परीक्षा ________ बहुत डर लगता है।

2- रीना ________ साक्षी कक्षा में आई।

3- सुमित ________ मोहित भी तबला बजाएगा।

4- मच्छरों ________ हम सो भी नहीं सकते।

5- घरों ________ गंदा पानी भरा हुआ है।

प्रश्न-3 समुच्चयबोधक शब्दों को रेखांकित करो।

1- रीना और मीता में गहरी मित्रता है।

2- अगर रुपए होते तो गाड़ी खरीद लेते।

3- अगर पापा जी आ जाते तो घुमाने ले जाते।

4- सुरुचि बीमार है इसलिए आज वह स्कूल नहीं आई।

5- माँ बहुत थकी हुई थीं अतः जल्दी सो गई।

प्रश्न-4 विस्मयादिबोधक शब्दों से वाक्य पूरे करो।

उफ़, छि:, सावधान, अरे, हाय

1- ________ कितनी गंदगी है।

2- ________ इन मच्छरों ने तो परेशान कर दिया।

3- ________ घर में चोर घुस सकते हैं।

4- ________ कितनी कम उम्र में मृत्यु हो गई।

5- ________ ज़रा इधर आना।

प्रश्न-5 निपात शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो-

1- माँ ने ______ मुझे पैसे दिए थे।

2- कल रात ________ बिजली नहीं आई।

3- आप ______ हमारे साथ खाना खा लीजिए।

4- सोलह फरवरी ______ परीक्षा शुरु हो जाएगी।

5- मनीषा को ________ चालीस प्रतिशत अंक मिले।

प्रश्न-6 सामासिक पदों का विग्रह करो-

1- गगनचुंबी -

2- देशभक्ति -

3- बंधनमुक्त -

4- त्रिभुज -

5- चतुर्मुख -